>

Title: Need to open a University for minorities in Mau district, Uttar Pradesh.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): महोदया, आपने हमें शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए कहना चाहता हूं कि दिल्ली देश की राजधानी है, यहां अल्पसंख्यक समाज के लोग दूर-दूर से पढ़ने के लिए आते हैं, यहां जामिया मिलिया इस्लामिया और बगल में अलीगढ़ विश्वविद्यालय है। यहां पर देश के कोने-कोने से माइनोरिटीज समाज के लोग भारी पैमाने पर पढ़ने के लिए आते हैं। खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचल इलाके से मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, देवरिया, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर ऐसी तमाम जगहों से अल्पसंख्यक समाज के लोग भारी पैमाने पर यहां पढ़ने के लिए आते हैं। इतनी दूर आने में उनको आर्थिक कमजोरी के नाते परेशानी होती है। इसलिए मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि पूर्वांचल का जो मऊ जनपद है, जो पूर्वांचल का केंद्र है, वहां पर एक अल्पसंख्यक विश्वविद्यालय उनकी पढ़ाई के लिए खोला जाए अथवा जामिया इस्लामिया या अलीगढ़ यूनीवर्सिटी का वहां पर कोई कैंपस खोला जाए, जिससे वहां के लोग जो यहां पढ़ने आते हैं, उनको सहूलियत मिल सके। इन्हीं शब्दों के साथ आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

अध्यक्ष महोदया :

श्री पन्ना लाल पुनिया अपने आपको श्री दारा सिंह चौहान जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।